चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-1-24 | 2 | 3-4 |

# श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एचएयू में किया भव्य कार्यक्रम

## रामायण, हमें नैतिक आचरण सिखाती है : वीसी




**भास्कर न्यूज | हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, एससी-एसटी फेडरेशन व सफाई कर्मचारी यूनियन ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्यातिथि के रूप मे विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने शिरकत की।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि रामलला मंदिर जिसे भगवान राम के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है, सभी के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। रामलला मंदिर का इतिहास महर्षि वाल्मीकि के महाकाव्य रामायण के साथ जुड़ा हुआ है। रामायण, हमें नैतिक आचरण, कर्तव्य और सभी प्राणियों के प्रति सम्मान के महत्व के बारे में सिखाती है।

लैंडस्केप यूनिट के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्केप यूनिट द्वारा दीये प्रज्वलित किए गए जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी व विद्यार्थियों द्वारा 501-501 की दो पंक्तियों में कुल 1002 दीये जलाए गए। दीयों से जय श्री राम की आकृति भी बनाई गई। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सुनील कुमार, कालूराम, राजकुमार गंगवानी, जोगिन्दर सिंह, मनोज कुमार, नवीन सबरवाल, रामस्वरूप व जोगिन्दर ठाकुर ने श्री राम मंदिर स्मृति चिह्न कुलपति को भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन डॉ. सुभाष चन्द्र ने किया।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 24-1-24 | 5 | 6-8 |

# हकृवि में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

## हकृवि के प्रशासनिक भवन के सामने दीये जलाकर मनाया उत्सव



दीयों से बनी जय श्री राम की आकृति।

हिसार, 23 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, एससी एसटी फैडरेशन व सफाई कर्मचारी यूनियन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज शिरकत की। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामलला मंदिर जिसे भगवान राम के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है, सभी के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। रामलला मंदिर का इतिहास महर्षि वाल्मीकि के महाकाव्य रामायण के साथ जुड़ा हुआ है। रामायण, हमें नैतिक आचरण, कर्तव्य और सभी प्राणियों के प्रति सम्मान के महत्व के बारे में सिखाती है। अकसर पर्दे के पीछे काम करते हुए, हमारे विश्वविद्यालय के कर्मचारी गुमनाम नायक है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारा परिवेश न केवल स्वच्छ हो बल्कि ज्ञान की खोज के लिए भी अनुकूल हो। कर्मचारी अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के माध्यम से, सेवा और एकता की भावना के प्रतीक हैं जो हमारे विश्वविद्यालय की सफलता का अभिन्न अंग है। कुलपति ने फार्म कालोनी के मंदिर में पूजा अर्चना भी की। लैंडस्केप यूनिट के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्केप यूनिट द्वारा दीए प्रज्वलित किए गए जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी व विद्यार्थियों द्वारा 501-501 की दो पंक्तियों में कुल 1002 दीए जलाए गए। दीयों से जय श्री राम की आकृति भी बनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सुनील कुमार, कालूराम, राजकुमार गंगवानी, जोगिन्दर सिंह, मनोज कुमार, नवीन सबरवाल, रामस्वरूप व जोगिन्दर ठाकुर ने श्री राम मंदिर स्मृति चिन्ह कुलपति को भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सुभाष चन्द्र द्वारा किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 25-1-24 | 2 | 3-5 |

## हकृवि के प्रशासनिक भवन के सामने 1002 दीये जलाकर मनाया उत्सव



हकृवि के प्रशासनिक भवन में दीयों से बनी श्रीराम की आकृति • पीआरओ

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी नान टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, एससी एसटी फेडरेशन व सफाई कर्मचारी यूनियन की तरफ से दीये जलाकर उत्सव मनाया। इसमें मुख्यातिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज शिरकत की। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि रामलला मंदिर जिसे भगवान राम के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है, सभी के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। रामलला मंदिर का इतिहास महर्षि वाल्मीकि के महाकाव्य रामायण के साथ जुड़ा हुआ है। रामायण, हमें नैतिक आचरण, कर्तव्य और सभी प्राणियों के प्रति सम्मान के महत्व के बारे में सिखाती है। लैंडस्कैप यूनिट के अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्कैप यूनिट द्वारा दीये प्रज्वलित किए गए जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी व विद्यार्थियों द्वारा 501-501 की दो पंक्तियों में कुल 1002 दीये जलाए गए। इस अवसर कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सुनील कुमार, कालूराम, राजकुमार गंगवानी, जोगिन्दर सिंह, मनोज कुमार, नवीन सबरवाल, रामस्वरूप व जोगिन्दर ठाकुर आदि मौजूद थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 25-1-24 | 14 | 5-6 |

# विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने दीए जलाकर मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, एससी एसटी फेडरेशन व सफाई कर्मचारी यूनियन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामलला मंदिर जिसे भगवान राम के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है, सभी के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है।




हिसार। दीयों से बनी जय श्री राम की आकृति। फोटोः हरिभूमि

लैंडस्केप यूनिट के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्केप यूनिट द्वारा 1002 दीए प्रज्वलित किए गए। दीयों से जय श्री राम की आकृति भी बनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 24-1-24 | 4 | 7-8 |

## प्रशासनिक भवन के सामने दीये जला मनाया उत्सव



हिसार। चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, एससी एसटी फेडरेशन व सफाई कर्मचारी यूनियन ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि रामलला मंदिर सभी के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रशासनिक भवन के सामने 1002 दीये जलाए गए। दीयों से जय श्री राम की आकृति भी बनाई। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ,सुनील कुमार, कालूराम, राजकुमार गंगवानी, जोगिंद्र सिंह, मनोज कुमार, नवीन सबरवाल, रामस्वरूप, जोगिंद्र ठाकुर ने श्री राम मंदिर स्मृति चिन्ह कुलपति को भेंट कर सम्मानित किया। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24-1-24 | 3 | 1-2 |

## हकृवि प्रशासनिक भवन में मनाया उत्सव

**हिसार ( ब्यूरो ):** चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में श्रीराम लला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, एस.सी./एस.टी. फैडरेशन व सफाई कर्मचारी यूनियन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज शिरकत की। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्केप यूनिट द्वारा दीये प्रज्जवलित किए गए। दीयों से जय श्रीराम की आकृति भी बनाई गई।




*दीयों से बनी जय श्रीराम की आकृति*